**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2381**
**बुधवार, 21 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय**

**†2381. श्री एस. रामलिंगम:**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) केंद्र सरकार ने हाल ही में दुनिया भर में मानसून के साधारण और क्षेत्र-विशिष्ट पहलुओं के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय (आईएमपीओ) खोला है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आईएमपीओ द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में मानसून की मौसमी परिवर्तनशीलता के पूर्वानुमानों की संख्या कितनी है जो वास्तव में हुई या जहां पूर्वानुमान गलत रहा ?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क)-(ख) जी, हाँ। भारत सरकार, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय (आईएमपीओ) वैश्विक मानसून अनुसंधान समन्वय में भारत का योगदान है। वैश्विक मानसून में कई सामान्य तत्व होते हैं, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय द्वारा वैश्विक मानसून अनुसंधान का समन्वय भारत के हित में है, क्योंकि यह अन्य मानसून (अर्थात् अफ्रीकी, अमेरिकी, एशियाई और ऑस्ट्रेलियाई मानसून) पर शोध कार्यों से सीखने में मदद करता है। अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राष्ट्रीय मानसून मिशन का एक हिस्सा है, और इसमें हमारे हित की वैज्ञानिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानसून समुदाय को शामिल करने की क्षमता है।

अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय, विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के विश्व मौसम अनुसंधान कार्यक्रम (WWRP) और WMO/IOC-UNESCO/ISC विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम (WCRP) के अंतर्राष्ट्रीय परियोजना कार्यालय के रूप में कार्य करता है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव और भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान के निदेशक के बीच भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे में एक अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय (IMPO) की मेजबानी के लिए शुरू में 30 जुलाई 2021 से पांच साल के लिए विश्व मौसम अनुसंधान कार्यक्रम और विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम की मानसून अनुसंधान गतिविधियों का समर्थन करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

उनमें शामिल कुछ महत्वपूर्ण कार्य और जिम्मेदारियां निम्नवत हैं:

1) विश्व मौसम अनुसंधान कार्यक्रम और विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम द्वारा संयुक्त रूप से समन्वित किये गए उप-ऋतुनिष्ठ से ऋतुनिष्ठ (S2S) पूर्वानुमान परियोजना आउटपुट के मानसूनी क्षेत्रों में अनुप्रयोगों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए संबंधित मानसून समूहों के साथ सक्रिय सहयोग करना।
2) मेजबान देश के साथ-साथ क्षेत्र में विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम / विश्व मौसम अनुसंधान कार्यक्रम मानसून अनुसंधान से संबंधित आउटरीच और क्षमता निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान करना और सुगम बनाना।

- अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय के कार्यों में एशियाई-ऑस्ट्रेलियाई मानसून, अफ्रीकी मानसून और अमेरिकी मानसून के लिए पैनल के सदस्यों के साथ-साथ मानसून पैनल के क्षेत्रीय कार्यकारी समूहों के लिए टेलीकॉन्फ्रेंस की व्यवस्था, योजना और समन्वय बैठकें शामिल हैं।

- अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय की अन्य गतिविधियों में मानसून से संबंधित मामलों पर विश्व मौसम विज्ञान संगठन, विश्व मौसम अनुसंधान कार्यक्रम और विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम के सूचना-पत्रों का समर्थन, मानसून पैनल वेब पेजों का विकास और रखरखाव शामिल है, जो वर्तमान मानसून अनुसंधान पहलों,अंतर्राष्ट्रीय मानसून समुदाय के लिए प्रासंगिक सूचना और संसाधन को सूचीबद्ध करता है। यह कार्यालय मेजबान देश के साथ-साथ क्षेत्र में मौसम विज्ञान संबंधी और समुद्र विज्ञान संबंधी समुदायों के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूआरपी/ विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम मानसून गतिविधियों के संबंध में नवीनतम जानकारी भी प्रसारित करता है।

(ग) अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय एक प्रचालन कार्यालय नहीं है और न ही कोई पूर्वानुमान जारी करता है। अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय मानसून पूर्वानुमान अनुसंधान को बढ़ावा देता है जो भारत मौसम विज्ञान विभाग, भारत की आधिकारिक राष्ट्रीय मौसम सेवा, के प्रचालन पूर्वानुमानों में सुधार के लिए सहायक हो सकता है । अंतर्राष्ट्रीय मानसून परियोजना कार्यालय की भूमिका विश्व मौसम विज्ञान संगठन के विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम और विश्व मौसम अनुसंधान कार्यक्रम के तहत चिह्नित की गई और बढ़ावा दी जाने वाली वैश्विक और क्षेत्रीय मानसून अनुसंधान गतिविधियों के समन्वय तक सीमित है।

*******